सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	**RAJASTHAN GAZETTE** **Extraordinary**
	साधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	आषाढ़ 24, बुधवार, शाके 1942–जुलाई 15, 2020 *Asadha 24 , Wednesday, Saka 1942–July 15, 2020*	

भाग 1 (क)

नियुक्तियां,छुटिटयों आदि के संबंध में समस्त विज्ञप्तियां।

राजस्व (गुप-6) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, जून 04, 2020

संख्या प. 9(36)राज-6/2020/31:-राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 (अधिनियम संख्या 15 वर्ष 1956) की धारा 26 की उप-धारा (1) सपठित धारा 260 उप-धारा (1) खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार उक्त अधिनियम की धारा 135 की उप-धारा (1) एवं अधिसूचना क्रमांक प. 5 (21) राज-4/80/35 दिनांक 04.09.1982 यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक प. 5 (21) राज-4/80/18 दिनांक 25.07.2003 के तहत नामान्तकरण के मामलों को निर्णित करने की ग्राम पंचायत की शक्तियां, कतिपय ग्राम पंचायतों में चुनाव सम्पन्न नही हो पाने के कारण एवं कोविड-19 महामारी के चलते केन्द्रीय एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के त्वरित क्रियान्वयन हेतु, ग्राम पंचायतों के साथ-साथ राजस्थान तहसीलदार सेवा के अधिकारियों को उनके क्षेत्राधिकार में प्रयोग करने हेतु एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

यह अधिसूचना दिनांक 31.07.2020 तक प्रभावशील रहेगी।

राज्यपाल के आदेश से,
कमलेश आबुसरिया,
उप शासन सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।